विमानन संचालनालय
केपिटल कॉम्प्लेक्स महानदी भवन
मंत्रालय, नया रायपुर (छ0ग0)

//विज्ञापन//

क्रमांक 1326/627/विमा0/संचा0/2015 रायपुर, दिनांक 10.07.2015

विमानन संचालनालय, मंत्रालय रायपुर में निम्नांकित रिक्त पदों पर पद के सम्मुख दर्शाये अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन पर संविदा नियुक्ति हेतु छत्तीसगढ़ के स्थायी नागरिकों का आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

क्र0	पद विवरण	आयु सीमा	पद संख्या	मासिक संविदा वेतन	शैक्षणिक योग्यता
01.	वरिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) (एकांकी पद) अनारक्षित–01	21 से 45 तक	01	45,000/–	1. किसी मान्यता प्राप्त भारतीय वि.वि. से स्नातक (10+2 शिक्षा पद्धति के अधीन रसायन शास्त्र, भौतिकी एवं गणित सहित) उत्तीर्ण । 2. महानिदेशक, नागर विमानन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से एयरक्राफ्ट मेंटनेंस कोर्स में पेपर–I, II एवं III जेट इंजीन उत्तीर्ण होना एवं एयरक्राफ्ट मेंटनेंस का लायसेंस होना चाहिए । 3. क्वालिटी कन्ट्रोल इंस्पेक्टर (फ्यूल) के रूप में चार साल का कार्य का अनुभव/महानिदेशक नागर विमानन से वरिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) अनुमोदित, सिविल एविएशन हैंडलिंग, भण्डारण और वितरण का ज्ञान होना आवश्यक है ।
02.	कनिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) (जगदलपुर के लिए) (एकांकी पद) अनारक्षित–01	21 से 35 तक	01	26,000/–	1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये । 2. DGCA से अनुमोदित किसी संस्था से A.M.E. पाठ्यक्रम उर्त्तीण होना चाहिये या एयरक्राफ्ट रेफ्यूलर में एक वर्ष का कार्यानुभव आवश्यक है ।
03.	वरिष्ठ तकनीशियन (हेलीकॉप्टर) अन्य पिछड़ा वर्ग–01	21 से 35 तक	01	23,000/–	1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये । 2. महानिदेशक नागर विमानन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से एयरक्राफ्ट मेंटनेंस कोर्स में उत्तीर्ण होना चाहिये । 3. विमान में एयरक्राफ्ट मेंटनेस या हेलीकॉप्टर मेंटनेस वर्क के क्षेत्र में 5 वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिये । टीप:–अगुस्ता–109 हेलीकॉप्टर में मेंटेनेंस वर्क के अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी ।

04.	वाहन चालक (तृतीय श्रेणी) अनु0 जनजाति मुक्त–01	18 से 35 तक	02	8,870/–	1. कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए । 2. भारी वाहन चालन अनुज्ञप्ति धारक होना चाहिये ।

टीप :– भविष्य में संविदा वेतन में राज्य शासन द्वारा किये जाने वाले वृद्धि अनुसार वेतन नियमन मान्य होगा ।

(अ) नियम एवं शर्तें :–

1. निर्धारित आयु–सीमा :– अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2016 को 18 वर्ष से कम न हों । आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की सभी प्रकार की छूट मिलाकर अधिकतम आयु 40 वर्ष है, इसी प्रकार महिला उम्मीदवारों के लिए सभी प्रकार की छूट मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है ।
2. ऐसे अभ्यर्थी को जो भूतपूर्व सैनिक हो अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने की अनुमति दी जाएगी परन्तु इसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु–सीमा से तीन वर्ष से अधिक ना हो ।
3. परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने नाम पर ग्रीन कार्ड धारण करने वाले आवेदकों (छ0ग0 राज्य के आवेदकों) को उच्चतर आयु–सीमा में 02 वर्ष की छूट दी जाएगी ।
4. आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तर्राजातिय प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पुरूस्कार दम्पतियों के संवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी–03/10/85/03/01, दिनांक 28.06.1985 के संदर्भ में उच्चतर आयु–सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी ।
5. राज्य (छ0ग0 राज्य) में प्रचलित ''शहीद राजीव पांडे पुरूस्कार, गुण्डाधुर सम्मान'', महाराजा प्रवीर चंद्र भंज देव सम्मान प्राप्त खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरूस्कार प्राप्त युवाओं को सामान्य उच्चतर आयु–सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी ।

(ब) चयन प्रक्रिया :– चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार चयन किया जावेगा । (10+2) परीक्षा या पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा तथा वाहन चालक के लिए 10 वीं में प्राप्त अंकों, तकनीकि योग्यताओं एवं कार्यानुभव के आधार पर मैरिट सूची तैयार की जावेगी ।

महत्वपूर्ण टीप :–

1. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है । योग्य अभ्यर्थी के अभाव में इस नियम में शिथिलता प्रदान करने हेतु विभाग स्वतंत्र होगा ।
2. आवेदक का रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा जिनकी सत्यापित प्रति संलग्न करें ।
3. आयु–सीमा में छूट के संबंध में प्रमाण–पत्र की स्व–सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न होना आवश्यक है ।
4. आवेदन–पत्र के नियत स्थान पर स्व–सत्यापित हाल ही के पासपोर्ट साईज़ का फोटो अनिवार्य रूप से चिपकाएं ।

5. आवेदन को आवेदन–पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, तकनीकि अर्हता, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास एवं जाति प्रमाण–पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा ।
6. आवेदन–पत्र निर्धारित प्रपत्र में दिनांक **04.08.2015** तक **संचालक, विमानन संचालनालय, AD 3/9 केपिटल कॉम्प्लेक्स महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर** के पते पर केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट से भेजना अनिवार्य होगा । रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त आवेदन–पत्र के अलावा अन्य साधनों से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
7. विज्ञप्ति जारी दिनांक के पूर्व तथा अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
8. **लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, पता एवं मोबाईल नम्बर अवश्य लिखें ।**
9. आवेदन करने के पहले विज्ञापन में दर्शित आवश्यक शैक्षणिक एवं अर्हताओं के अनुरूप अपनी अर्हता की जांच स्वयं सुनिश्चित कर लें एवं अर्हता के समस्त शर्तों को पूरा करने की स्थिति में पूर्णतया संतुष्ट होने पर ही आवेदन–पत्र भरें । प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित करने अथवा साक्षात्कार के लिये आंमत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है, तथा चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन–पत्र बिना कोई सूचना दिए निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी ।
10. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था में सेवारत हैं उन्हें अपना आवेदन–पत्र नियोक्ता/विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
11. चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो की गई नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।
12. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुणिपूर्ण आवेदन–पत्र अमान्य कर दिये जाएंगे, ऐसे आवेदन–पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी ।
13. सभी अभ्यर्थी निश्चित रूप से ''अभ्यर्थी की जानकारी'' नामक तालिका भरकर संलग्न करें ।

<u>नियुक्ति के लिए अपात्रता</u> :–

1. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई आयु–सीमा में पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा ।
2. कोई भी उम्मीदवार जिसके दो से अधिक जीवित संतान है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा । संशोधन परन्तुक कोई भी उम्मीदवार, जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये निरर्हित नहीं होगा ।

आयुक्त
विमानन संचालनालय
मंत्रालय, नया रायपुर (छ0ग0)

आवेदन पत्र का प्रारूप

अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज़ का फोटो चिपकाएं

आवेदित पद का नाम :– .....

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) .....
   (अंग्रेजी में) .....
2. पिता/पति का नाम .....
3. वर्तमान पता (पत्र व्यवहार हेतु) .....
   .....
   .....
4. स्थायी पता .....
   .....
   .....
5. जन्मतिथि (अंको में) .....
   (शब्दों में) .....
6. आयु (01.01.2016 को) .....
7. जन्म स्थान .....
8. क्या आप शासन द्वारा मान्यता प्राप्त वर्ग .....
   अ.पि.वर्ग/अजा/अजजा के सदस्य हैं ?
   (यदि आवेदक छ0ग0 राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें)

9. **शैक्षणिक योग्यता (पद के लिये न्यूनतम योग्यता से शुरू करें)** :–

क्र.	परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि. का नाम	विषय	श्रेणी	कुल प्राप्तांक	कुल प्राप्तांकों का प्रतिशत
01.						
02.						
03.						
04.						
05.						

10. क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं ? हाँ तो सक्ष्म अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें .....

11. रोज़गार कार्यालय का जीवंत पंजीयन क्रमांक तथा दिनांक तथा रोज़गार कार्यालय का नाम ....

12. क्या आपने किसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया हैं ? (यदि हाँ तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें) हाँ / नहीं

13. क्या आप शासकीय / अर्द्धशासकीय कर्मचारी तथा छ.ग. राज्य / निगम / मंडल के स्थायी / अस्थायी कर्मचारी हैं ? (यदि हाँ तो उसका पूरा विवरण लिखें तथा अपने विभाग– –ध्यक्ष का अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करें) हाँ / नहीं

14. क्या आप कभी शासकीय सेवा के लिये मेडिकल बोर्ड / मेडिकल प्राधिकारी द्वारा अयोग्य ठहराये गये हैं ? (यदि हाँ तो पूर्ण विवरण लिखें) हाँ / नहीं

15. क्यां आप किसी अपराधिक प्रकरण में गिरफ्तार किये गये हैं, क्या आप पर अभियोजन चलाया गया हैं? यदि हुए हैं जुर्माना हुआ है या आप किसी अपराध में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराएँ गये है तो पूर्ण विवरण दिया जावे साथ ही अपराध क्र. / धारा / थाना एवं जिला सहित पूर्ण विवरण दर्शाये । हाँ / नहीं

16. क्या आप पर वर्तमान में किसी न्यायालय, विश्वविद्यालय किसी भी शैक्षिणक प्राधिकरण संस्था में आपके विरूद्ध कोई मामला लंबित है ? विवरण देवें । हाँ / नहीं

17. आवेदक विवाहित है या अविवाहित है । यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं संतानों का विवरण देवें । ....
    (1) संतानों की कुल संख्या
    (2) अंतिम संतान की जन्मतिथि

(**टीप** :– शपथ पत्र संलग्न करें । निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा (पुरूष 21 वर्ष महिला 18 वर्ष) के पूर्व विवाहित आवेदक / आवेदिका नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे) ।

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर

घोषणा –पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त जानकारी जहाँ तक मुझे पता है और जहाँ तक मेरा विश्वास है सही है और पूर्ण है । मैं ऐसी किसी परिस्थितियों से अवगत नहीं हूँ जिसके कारण शासन के अधीन नियोजन पाने के लिये मेरी उपयुक्तता क्षीण होती हो । मैं इस बात से सहमत हूँ कि यदि उपयुक्त जानकारी किसी सारभूत तथ्य के संबंध में असत्य या अपूर्ण पाई जावे तो नियुक्ति प्राधिकारी को मुझे बिना सूचना दिए या बिना कारण बताए मेरी सेवा समाप्ति का अधिकार होगा और उसका निर्णय मुझ पर बन्धकारी होगा ।

स्थान .....
दिनांक .....

आवेदक का हस्ताक्षर
(नाम .....)
पूर्ण पता .....

संलग्न (प्रमाण–पत्रों का विवरण एवं संख्या) :–

1. ..... 2. .....
3. ..... 4. .....
5. ..... 6. .....
7. ..... 8. .....

अभ्यर्थी की जानकारी की चेक लिस्ट

(कृपया विवरण भरें एवं संलग्नक को अंकित (√) करें)

क्रमांक	विवरण		विभागीय रिमार्क
01.	02.	03.	04.
1.	नाम		
2.	पिता / पति का नाम		
3.	पता		
4.	मोबाईल नम्बर		
5.	जाति / प्रमाण–पत्र	हाँ / नहीं	
6.	जन्मतिथि / आयु		
7.	रोज़गार में जीवित पंजीयन	हाँ / नहीं	
8.	अंकसूची 12 वीं (%)		
9.	अंकसूची 08 वीं (%)		
10.	शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव		
11.	शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न	हाँ / नहीं	
12.	छत्तीसगढ़ मूल निवासी प्रमाण–पत्र	हाँ / नहीं	
13.	संतान 02 से अधिक		
14.	अन्य रिमार्क		

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर